

भोपाल ( निज संवाददाता ) 29 जुलाई. गुरुपूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को एमपी नगर स्थित श्री विद्योदय तीर्थ में भोपाल के साथ ही जबलपुर, इंदौर के गुरुकुल से आईं 1500 छात्राओं ने जब अपने गुरु आचार्यश्री समयसागर महाराज की सामूहिक पूजा-अर्चना की तो पूरा वातावरण धर्ममय हो गया. इस दौरान छात्राओं ने आचार्यश्री के मंगल प्रवचन सुने और अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया.



# डेढ़ हजार छात्राओं ने किया पूजन

## गुरुपूर्णिमा पर विद्योदय तीर्थ में जुटे हजारों श्रद्धालु

गुरु पूर्णिमा महोत्सव सुबह से लेकर दोपहर तक श्रद्धा और धार्मिक आयोजनों के बीच मनाया गया. सुबह करीब 8.30 बजे से ही बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचे और आचार्यश्री समयसागर जी महाराज के सान्निध्य में पूजा, प्रवचन और सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए. सोशल मीडिया प्रभारी भविष्य जैन ने बताया कि कार्यक्रम में प्रतिभास्थली की करीब 1500 छात्राओं ने सामूहिक पूजन किया और पेड़ पर आधारित मंचन की सांस्कृतिक प्रस्तुति दी, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे. सुबह के प्रवचन में आचार्यश्री ने गुरु भक्ति, अहंकार से बचने और सही सोच विकसित करने पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि मन के कारण ही व्यक्ति का उत्थान और पतन तय होता है. दोपहर में हुए उद्बोधन में आचार्यश्री ने संयम और आत्म साधना को जीवन में अपनाने की बात कही. उन्होंने कहा कि केवल प्रवचन सुनना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें व्यवहार में लाना जरूरी है. उनके मुताबिक बंधन वस्तुओं से नहीं, बल्कि आसक्ति से होता है, इसलिए मन को नियंत्रित करना जरूरी है.

कार्यक्रम में भोपाल और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए. दिनभर तीर्थ परिसर में धार्मिक माहौल बना रहा और गुरु पूर्णिमा को लेकर विशेष उत्साह देखा गया.

### करुणाधाम आश्रम : 55 भक्तों को मिला गुरु मंत्र

करुणाधाम आश्रम में गुरु पूर्णिमा पर्व तीन दिवसीय आयोजन के साथ श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया गया. इस अवसर पर गुरुदेव सुदेश शाण्डिल्य महाराज ने 55 नए भक्तों को गुरु मंत्र प्रदान किया. चरण पूजन, भजन संध्या, गुरु गीता पाठ, पालकी यात्रा, पादुका पूजन, हवन, सामूहिक ध्यान, पौधरोपण, ध्यान केंद्र उद्घाटन और पुस्तक विमोचन जैसे कार्यक्रम आयोजित हुए. गुरुदेव ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाते हुए समाज सेवा के लिए प्रेरित किया. उन्होंने कहा कि माता-पिता ही जीवन के प्रथम गुरु हैं और उनकी आज्ञा का पालन करना गुरु-पूजा के समान है.

### आनंद विहार कॉलेज में गुरु के महत्व पर चर्चा

वहीं आनंद विहार कॉलेज फॉर वूमेन में छात्राओं ने गुरु सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया. संस्था के अनुसार इस दौरान छात्राओं और शिक्षकों के बीच संवाद हुआ और जीवन में गुरु के महत्व पर चर्चा की गई.

# मंदिरों में गुरुओं का पूजन, स्कूलों में शिक्षकों का सम्मान

निज संवाददाता

**भोपाल, 29 जुलाई. बुधवार को गुरु पूर्णिमा के मौके पर शहर के मंदिरों, संस्थानों और शैक्षणिक परिसरों में दिनभर अलग-अलग कार्यक्रम हुए. जगह-जगह गुरु वंदना, दीक्षा, यज्ञ, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और सम्मान समारोह आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए. आयोजकों के मुताबिक इन कार्यक्रमों का उद्देश्य गुरु-शिष्य परंपरा को आगे बढ़ाना और नई पीढ़ी को इससे जोड़ना रहा.**



### गुफा मंदिर में शिष्यों ने ली गुरुदीक्षा

लालघाटी स्थित गुफा मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही. यहां गुरुदीक्षा और गुरु वंदना का आयोजन किया गया. मंदिर पहुंचे शिष्यों ने अपने गुरु का पूजन कर आशीर्वाद लिया. आयोजकों के अनुसार दिनभर दर्शन के लिए लोगों का आना-जाना लगा रहा और श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे की व्यवस्था की गई.

### गायत्री शक्तिपीठ में हुआ महायज्ञ



गायत्री शक्तिपीठ में भी गुरु पूर्णिमा पर विशेष धार्मिक आयोजन हुए. संस्था के मुताबिक यहां 70 से अधिक लोगों को गायत्री मंत्र की दीक्षा दी गई. सुबह पूजन के बाद 24 कुंडीय महायज्ञ हुआ, जिसमें करीब एक हजार श्रद्धालुओं ने आहुतियां दीं. कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधे भी बांटे गए.

### विश्व संवाद केंद्र : गुरु-शिष्य परंपरा पर हुई चर्चा

गुरु पूर्णिमा पर विश्व संवाद केंद्र में आयोजित गोष्ठी में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. रामेश्वर मिश्र 'पंकज' का सम्मान किया गया. वक्ताओं ने गुरु-शिष्य परंपरा की भूमिका पर चर्चा की. आयोजकों के अनुसार कई रचनाकारों ने गुरु और सावन विषय पर अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं.

### एलएनसीटी विवि में प्राध्यापकों का सम्मान

एलएनसीटी विश्वविद्यालय के सीएमई हॉल में शिक्षा गौरव सम्मान समारोह आयोजित हुआ. विश्वविद्यालय प्रबंधन के अनुसार इसमें शिक्षकों के योगदान को सराहा गया और उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्राध्यापकों को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम के बाद परिसर में पौधरोपण भी किया गया.

**जनजातीय संग्रहालय** में संस्कृति विभाग की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ. कार्यक्रम की शुरुआत गुरु वंदना से हुई, जिसके बाद शास्त्रीय गायन और कथक नृत्य प्रस्तुत किए गए. आयोजकों के मुताबिक कलाकारों ने प्रस्तुतियों के जरिए गुरु-शिष्य परंपरा को मंच पर दिखाया.

# गुरुपूर्णिमा : उत्कृष्ट विद्यालयों और शिक्षकों का सम्मान

विशेष संवाददाता

**गुरु पूर्णिमा एवं महर्षि सांदीपनि गुरु पर्व के अवसर पर टीटी नगर कमला नेहरू सांदीपनि कन्या शासकीय विद्यालय में जिला स्तरीय गुरु सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों और शिक्षकों को सम्मानित किया गया.**



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वार्ड-32 के पार्षद राजू अनेजा रहे. इस अवसर पर लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक डी.एस. कुशवाहा, संयुक्त संचालक धर्मेंद्र शर्मा, उपसंचालक कनक प्रसाद, डीईओ अभिनव आर्य, जिला परियोजना समन्वयक सिद्धार्थ जैन तथा बीईओ विजेता सूर्यवंशी सहित शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे. समारोह में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत अथवा 90 प्रतिशत से अधिक परीक्षा परिणाम देने वाले 20 विद्यालयों के प्राचार्यों को सम्मानित किया गया. साथ ही जिन शिक्षकों के विषयों का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, उन्हें भी सम्मान प्रदान किया गया.

## एक नजर में



### वृद्धाश्रम में एसबीआई क्लब ने बुजुर्गों को बांटा राशन


**भोपाल (निज संवाददाता).** शहर के 'अपना घर' वृद्धाश्रम में बुधवार को एसबीआई लेडीज़ क्लब ने बुजुर्गों के लिए सामग्री वितरित कर सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया. आयोजन में क्लब की सदस्याओं ने आश्रम में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों से मुलाकात की और उनकी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सहयोग किया. संस्था के मुताबिक, बुजुर्गों को दैनिक उपयोग की किट दी गई, जिसमें साफ-सफाई का सामान और जरूरी दवाएं शामिल थीं. इसके अलावा आश्रम को आटा, दाल, चावल, तेल, फल सहित अन्य राशन सामग्री भी उपलब्ध कराई गई. बेहतर सुविधा के लिए पानी शुद्ध करने की मशीन और बैठने के लिए कुर्सियां भी दी गईं. कार्यक्रम के दौरान सदस्याओं ने बुजुर्गों से बातचीत कर उनका हाल जाना. कुछ समय उनके साथ बिताया, जिससे माहौल भावनात्मक और आत्मीय रहा. आश्रम प्रबंधन का कहना है कि ऐसे सहयोग से यहां रहने वाले लोगों को मानसिक सहारा मिलता है और वे अकेलापन कम महसूस करते हैं.

### ताइक्वांडो में अभि शर्मा ने जीता स्वर्ण पदक

**संत नगर, 29 जुलाई.** होनहार खिलाड़ी अभि शर्मा ने सीबीएसई वेस्ट जोन ताइक्वांडो चैंपियनशिप में अंडर-17 जूनियर 55 किलोग्राम वेट कैटेगरी में



शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया. यह प्रतियोगिता 25 से 29 जुलाई तक राजस्थान के दौसा स्थित विद्यार्थी पब्लिक स्कूल में आयोजित हुई. अभि वर्तमान में आईईएस स्कूल, रातीबड़ में कक्षा 11वीं के छात्र हैं. वे एमपी अकादमी में चीफ कोच जगजीत सिंह, दीपक सिंह पवार और अर्जुन सिंह रावत के मार्गदर्शन में नियमित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं. अभि इससे पहले वर्ष 2024 में गुजरात के गोधरा में आयोजित 'चैंपियन ऑफ चैंपियंस' ताइक्वांडो टूर्नामेंट में 56 किलोग्राम वेट कैटेगरी में स्वर्ण पदक जीत चुके हैं.

### लघुकथा लिखने के बाद बार-बार पढ़ना जरूरी : मैथिल

**भोपाल, 29 जुलाई.** वरिष्ठ लघुकथाकार एवं समीक्षक घनश्याम मैथिल अमृत ने कहा कि लघुकथा लिखने, उसके परिपक्व होने और प्रकाशित होने के बीच लेखक को अपने लिखे को बार-बार पढ़ना आवश्यक है, क्योंकि हर बार रचना में सुधार की संभावना बनी रहती है. वे लघुकथा शोध केंद्र समिति, द्वारा आयोजित साप्ताहिक बुधवारीय ऑनलाइन लघुकथा गोष्ठी एवं विमर्श में संबोधित कर रहे थे. यह गोष्ठी का संचालन अश्विनी देशपांडे ने किया. समिति की निदेशक कांता रॉय ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की. लघुकथाकार चंदा प्रहलादिका ने अपनी लघुकथा भूख, सम्मान, धोखा, सुकून, तथा भूख और इंसानियत का वाचन किया. लघुकथाओं पर वरिष्ठ लघुकथाकार पदम गोधा, साकार श्रीवास्तव, विधु भूषण मंडल और अनीता रश्मि ने समीक्षात्मक टिप्पणियां प्रस्तुत कीं. अंत में लेखिका चंदा प्रहलादिका ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया.

## नगर में आज

**रफीनामा-10**
**समय** शाम 5 :00 बजे, **स्थान** शहीद भवन

**गुरु पूर्णिमा सत्संग**
**समय** शाम 7 बजे से, **स्थान** रवींद्र भवन

### कलचुरि महासभा का सम्मेलन 1-2 अगस्त को वाराणसी में

**भोपाल, 29 जुलाई.** अखिल भारतवर्षीय हैहय कलचुरि महासभा का 91वां स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय सम्मेलन इस वर्ष 1-2 अगस्त को उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित रुद्राक्ष इंटरनेशनल कारपोरेशन एंड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया जाएगा. राष्ट्रीय महासचिव एडवोकेट एमएल राय ने बताया कि 1 अगस्त को सुबह 10 बजे से स्थापना दिवस 'खुला मंच' के रूप में मनाया जाएगा, जिसमें महासभा की स्मारिका 'सहस्रदीप' का विमोचन भी होगा. इस दौरान संगठन के सुदृढ़ीकरण, शिक्षा सुधार, महिला सशक्तिकरण, युवाओं की सहभागिता, सामाजिक एकता तथा समाज के भावी विकास की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की जाएगी.

# हवन कर बांटे 101 तुलसी के पौधे



**संत नगर, 29 जुलाई. गुरुपूर्णिमा पर संत हिरदाराम नगर के ज्वाला कॉन्वेंट स्कूल में बजरंग सेना समिति द्वारा हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया. इस दौरान बच्चों, अभिभावकों एवं स्थानीय नागरिकों को 101 तुलसी के पौधों का नि:शुल्क वितरण किया गया.**

स्कूल प्राचार्य राज बतरा ने पौधे बांटकर कार्यक्रम की शुरुआत की. मुख्य अतिथि वार्ड क्रमांक-5 के पार्षद अशोक मारण, बजरंग सेना समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी, अर्चक पुरोहित पंडित राजकुमार गर्ग, महासचिव गुरदास रामचंदानी, महेश गुरबानी, राजकुमार धानुक, शमी गंगवानी एवं नीरज मेहर ने तुलसी पूजन कर हवन में आहुतियां दीं.

### गुरुजनों के सम्मान में हुए विविध आयोजन

गुरुपूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को संत नगर में शैक्षणिक और धार्मिक संस्थानों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए. भारत विकास परिषद ने सभी विद्यालयों की प्रार्थना सभाओं में अपनी अलग-अलग टीमें भेजीं, जहां मेधावी विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों का सम्मान कर आशीर्वाद लिया. गांधीनगर स्थित संत आशाराम आश्रम में गुरु वंदना के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत हुई. सुखसागर दरबार, श्री गंगा धाम आश्रम, शिव भोले दरबार, टेंपल ऑफ संबोधि में भी सत्संग, पूजन हुए.



# विवेक वर्मा ने सोनू सूद की तैयार की अनूठी बायोग्राफी

**भोपाल, 29 जुलाई. भोपाल के कलाकार विवेक कुमार वर्मा ने अभिनेता एवं समाजसेवी सोनू सूद के जीवन पर आधारित दुनिया की पहली सिंगल-फ्रेम पिक्टोरियल बायोग्राफी तैयार की है. कलाकार का दावा है कि यह अपनी तरह की पहली कलाकृति है, जिसे सोनू सूद के 30 जुलाई जन्मदिन पर जारी किया जाएगा. इसके बाद 15 से 21 सितंबर तक मुंबई की जहांगीर आर्ट गैलरी में आयोजित प्रदर्शनी में इसे प्रदर्शित किया जाएगा.**


एकल कैनवास पर तैयार इस कृति में सोनू सूद के बचपन, पारिवारिक जीवन, संघर्ष, मॉडलिंग, फिल्मी करियर, कोरोना काल में किए गए राहत कार्य, सूद चैरिटी फाउंडेशन और मानवीय सेवा से जुड़े प्रमुख पड़ावों को चित्रात्मक रूप में दर्शाया गया है. कलाकार के अनुसार यह कृति किसी व्यक्ति के चेहरे के बजाय उसके जीवन और कार्यों की यात्रा को एक फ्रेम में प्रस्तुत करती है. विवेक वर्मा ने बताया कि इस श्रृंखला का उद्देश्य उन व्यक्तित्वों को कला के माध्यम से नई पीढ़ी तक पहुंचाना है, जिन्होंने समाज पर गहरा प्रभाव छोड़ा है. इससे पहले वे एलन मस्क, सुधा मूर्ति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी द वर्ल्ड फ्रेम श्रृंखला के तहत कलाकृतियां बना चुके हैं. कलाकार का कहना है कि इस नई शैली में पारंपरिक पोर्ट्रेट से अलग किसी व्यक्तित्व के संपूर्ण जीवन, संघर्ष और उपलब्धियों को एक ही कैनवास पर समाहित किया गया है. उनके अनुसार यह कलाकृति भविष्य में एक दृश्य दस्तावेज के रूप में भी महत्वपूर्ण साबित हो सकती है.

# सागर स्कूल का टेबल टेनिस में दबदबा

## जिला स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में 150 खिलाड़ी भाग ले रहे

खेल प्रतिनिधि

**भोपाल, 29 जुलाई. जिला स्तरीय शालेय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में बुधवार को बालिका वर्ग के मुकाबलों में सागर पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने कई पदक अपने नाम किए. प्रतियोगिता श्री अरविंदो स्कूल, तुलसीनगर में खेली जा रही है.**



आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता में शहर के करीब 30 से 32 स्कूलों के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं. प्रतियोगिता के पहले दिन अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 बालिका वर्ग के मुकाबले संपन्न हुए. अंडर-14 वर्ग में सागर पब्लिक स्कूल, साकेत नगर की खिलाड़ी विजेता रहीं.

इसी स्कूल की गांधीनगर शाखा दूसरे स्थान पर रही. तीसरा स्थान सागर पब्लिक स्कूल, बरखेड़ाराम शाखा को मिला. अंडर-17 वर्ग में दिल्ली पब्लिक स्कूल, कोलार ने पहला स्थान हासिल किया. सागर पब्लिक स्कूल, गांधीनगर दूसरे और श्री अरविंदो स्कूल, तुलसीनगर तीसरे स्थान पर रहा.

अंडर-19 वर्ग में सागर पब्लिक स्कूल, साकेत नगर ने फिर बाजी मारी. दूसरे स्थान पर सागर पब्लिक स्कूल, रोहित नगर और तीसरे स्थान पर श्री अरविंदो स्कूल की टीम रही.

### प्रेमचंद जयंती की जयंती पर कहानी परिचर्चा कल

**भोपाल.** मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर 31 जुलाई को हिंदी भवन में युवा संवाद मंच के तत्वावधान में कहानी पाठ एवं परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा. कार्यक्रम सुबह 11 बजे से शुरू होगा, जिसमें शहर के विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थी भाग लेंगे. इस दौरान प्रेमचंद की प्रसिद्ध कहानियां नमक का दारोगा, पंच परमेश्वर और जिहाद का पाठ किया जाएगा. कार्यक्रम की समन्वयक एवं पं. मोतीलाल नेहरू स्मारक पुस्तकालय की पुस्तकालयाध्यक्ष सीमा नेमा ने बताया कि मप्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति में युवा संवाद प्रकोष्ठ का गठन किया गया है. समिति के मंत्री-संचालक डॉ. विकास दवे ने युवाओं से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की.

# विद्यार्थी लगन से पढ़ाई कर माता व पिता के सपनों को पूरा करें : सहाय

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 29 जुलाई. राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) में तीन दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार को किया गया, जिसमें 261 नए विद्यार्थियों में इस वर्ष फैशन डिजाइन के 44, टेक्सटाइल डिजाइन के 37, नीटवेयर डिजाइन के 34, फैशन और लाइफस्टाइल एक्सेसरी के 38, फैशन कम्युनिकेशन के 42, फैशन मैनेजमेंट स्टडीज के 31 और बैचलर ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी के 35 विद्यार्थी शामिल हुए.**




कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुई. बहुउद्देशीय हॉल में आयोजित इस समारोह में संस्थान के निदेशक अखिल सहाय ने नए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया. उन्होंने छात्रों को समय का पाबंद रहने, लगन से पढ़ाई करने और अपने माता-पिता के सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित किया.

**विज्ञान मंथन** | विजेता विद्यार्थियों के लिए 'सृजन इंटर्नशिप कार्यक्रम'

# एम्स में बाल वैज्ञानिकों ने सीखीं जीवन रक्षक तकनीकें

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 29 जुलाई. एम्स में विद्यार्थी विज्ञान मंथन के 94 राष्ट्रीय विजेता छात्रों के लिए 'सृजन इंटर्नशिप कार्यक्रम' के तहत एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया. देश के अलग-अलग राज्यों से आए इन मेधावी विद्यार्थियों ने देश की अग्रणी चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को करीब से देखा और समझा.**



कार्यक्रम में विज्ञान भारती के राष्ट्रीय संयुक्त संगठन सचिव डॉ. शिव कुमार शर्मा और निटर भोपाल के निदेशक डॉ. सीसी त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच और अनुसंधान के जरिए देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया. एम्स के कार्यपालक निदेशक डॉ. माधवानन्द कर ने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक जिज्ञासा और स्वास्थ्य क्षेत्र में नए शोध के महत्व की जानकारी दी.

### लैब का दौरा और जीवन रक्षक प्रशिक्षण

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को एनाटॉमी, फिजियोलॉजी, बायोकैमिस्ट्री और पैथोलॉजी विभागों का दौरा कराया गया. जहां छात्रों ने मानव शरीर की रचना, आधुनिक जांच तकनीकों और प्रयोगशाला की प्रक्रियाओं को समझा. इसके साथ ही ट्रांसलेशनल मेडिसिन विभाग में छात्रों ने जाना कि लैब में होने वाली रिसर्च किस तरह मरीजों के इलाज में काम आती है.